HANS RAJ MAHILA MAHA VIDYALAYA
COLLEGE OF EXCELLENCE
JALANDHAR

# आज तक आमने सामने

4-11 February-2025

RNI No-Punhin2013/54688 HINDI ,PUNJABI & ENGLISH

पढ़े India हर खबर सच के साथ

A++ GRADE ACCREDITED BY NAAC NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL

Year 2025 /Editor-Sk.Saxena /Email-aajtakaamnesaamne.in@gmail.con/ MOB-8146107666




## सुबह-शाम ठंड तो दोपहर में चिलचिलाती गर्मी

### मौसम के साथ दिल्ली का AQI भी खराबो

दिल्ली में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत से 0.4 डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में सुबह 8.30 बजे आर्द्रता का स्तर 97 प्रतिशत रहा। आईएमडी ने बताया कि दिन में अधिकतम तापमान करीब 28 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने दिन में आसमान साफ ??रहने तथा पश्चिम से तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 283 रहा जो 'खराब' श्रेणी में आता है। 201 से 300 के बीच के एक्यूआई को 'खराब' श्रेणी में रखा जाता है।

## महाराष्ट्र की लोकल ट्रेन में मोबाइल फोन में विस्फोट



### धुंआ उठते ही हर कोई घबराया

महाराष्ट्र के ठाणे में एक लोकल ट्रेन के महिला डिब्बे के अंदर एक महिला यात्री के मोबाइल फोन में विस्फोट हो गया, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। नगर निगम के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, ''सीएसएमटी रेलवे नियंत्रण कक्ष की रिपोर्ट के अनुसार, घटना में कोई घायल नहीं हुआ। हालांकि, इससे यात्रियों के बीच कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।卐 उन्होंने कहा कि विस्फोट के कारण धुआं फैल गया और रेलवे कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए आग बुझाने वाले यंत्रों का इस्तेमाल किया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि कम तीव्रता के धमाके की आवाज सुनी गई। धमाके से डिब्बे में धुआं भर गया, जिससे कई यात्री उतरने के लिए दरवाजे की ओर भागे। प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि रेलवे पुलिस ने यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। उन्होंने कहा कि घटना के कारण रेल सेवाएं बाधित नहीं हुईं। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''जिस महिला के मोबाइल फोन में विस्फोट हुआ उसकी पहचान अब तक नहीं हो पाई है। घटना की जांच की जा रही है। हो सकता है कि बैटरी में खराबी या कोई अन्य तकनीकी समस्या हो। यात्रियों को सार्वजनिक परिवहन में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करते समय सावधान रहना चाहिए। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सोमवार रात आठ बजकर 12 मिनट पर कलवा स्टेशन पर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी)-कल्याण उपनगरीय ट्रेन में हुई इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

# पंजाब के आप विधायकों की केजरीवाल के साथ बैठक, पार्टी बनाएगी नई रणनीति

### पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप विधायक, अरविंद केजरीवाल से मिलकर आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे



आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल आज पंजाब के पार्टी विधायकों के साथ बैठक कर रहे हैं। बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्य के मंत्रियों सहित सभी विधायक शामिल हैं। विपक्षी दल केजरीवाल के साथ पंजाब आप के विधायकों की बैठक को लेकर उन पर निशाना साध रहे हैं। हालांकि आप का कहना है कि यह नियमित रणनीति सत्र है। बैठक दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप की करारी हार और पार्टी की पंजाब इकाई में बढ़ते असंतोष की अटकलों के बीच हो रही है। हालांकि, 'आप' सांसद मलविंदर सिंह कंग ने असंतोष की खबरों को तवज्जो न देते हुए बैठक को ''नियमित रणनीति सत्र卐 करार दिया। उन्होंने कहा, ''पार्टी में इस तरह की प्रक्रिया आम है। भविष्य की रणनीति बनाने के लिए सभी इकाइयों से फीडबैक लिया जाता है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप विधायक, अरविंद केजरीवाल से मिलकर आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे।卐 पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह चर्चा दिल्ली चुनाव परिणामों के विश्लेषण और 2027 में होने वाले पंजाब चुनावों के लिए रणनीति बनाने पर केंद्रित होगी। एक दशक तक दिल्ली की सत्ता में रही 'आप' को पांच फरवरी के चुनावों में बड़ा झटका लगा। 'आप' दिल्ली विधानसभा की 70 सीट में से केवल 22 सीट ही जीत पाई। भाजपा ने 48 सीट हासिल कर राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता से 'आप' को बाहर कर दिया है। ऐसे में 'आप' के लिए अन्य राज्यों में चुनावी संभावनाओं को लेकर चिंता बढ़ गई है। आप की पंजाब इकाई के भीतर असंतोष की खबरों के बीच मंगलवार की बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अटकलें हैं कुछ विधायक पार्टी के नेतृत्व से नाखुश हैं और अन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। 'आप' ने 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव में 117 में से 92 सीट जीतकर शानदार जीत हासिल की थी। हालांकि, हाल के घटनाक्रमों ने आंतरिक एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं, कुछ लोगों का मानना है दिल्ली में पार्टी के नेतृत्व का पंजाब की सरकार पर प्रभाव बना हुआ है। ऐसी भी अटकलें हैं कि केजरीवाल अब पंजाब की राजनीति में अधिक प्रत्यक्ष भूमिका पर विचार कर सकते हैं। लुधियाना की विधानसभा सीट फिलहाल रिक्त है, इसलिए राजनीतिक पर्यवेक्षक केजरीवाल के वहां से चुनाव लड़ने तथा पंजाब सरकार का हिस्सा बनने की संभावना पर भी चर्चा कर रहे हैं। दिल्ली विधानसभा की नयी दिल्ली सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवेश वर्मा ने 'आप' प्रमुख को हराया है। विपक्षी नेता पंजाब में भी 'आप' का इसी तरह का हाल होने की बात कह रहे हैं जहां 2024 के लोकसभा चुनाव में 'आप' के 13 उम्मीदवार में से केवल तीन ही जीत पाए थे। पंजाब एकमात्र ऐसा राज्य है जहां 'आप' अभी सत्ता में है ऐसे में मंगलवार की बैठक का नतीजा पार्टी की भविष्य की दिशा और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है।

## अमेरिका के छह सांसदों ने अदाणी के खिलाफ अभियोग को लेकर नए अटॉर्नी जनरल को लिखा पत्र



अमेरिका के छह सांसदों ने नवनियुक्त अटॉर्नी जनरल को अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) द्वारा लिए गए ''संदिग्ध卐 फैसलों के खिलाफ पत्र लिखा है। इनमें कथित रिश्वत घोटाले में उद्योगपति गौतम अदाणी के समूह के खिलाफ अभियोग का मामला भी शामिल है।

### आशंका जताई कि इससे भारत के साथ संबंध खतरे में पड़ सकता है

सांसदों ने पत्र में आशंका जताई कि इससे ''करीबी सहयोगी भारत के साथ संबंध खतरे में पड़ सकता है卐। लांस गुडेन, पैट फॉलन, माइक हरिडोपोलोस, ब्रैंडन गिल, विलियम आर. टिम्मोंस और ब्रायन बेबिन ने 10 फरवरी को अमेरिका की अटॉर्नी जनरल पामेला बॉन्डी को पत्र लिखकर ''जो बाइडेन के प्रशासन के तहत डीओजे द्वारा लिए गए कुछ संदिग्ध निर्णयों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उद्योगपति गौतम अदाणी पर अमेरिकी अभियोजकों ने भारत में सौर बिजली के ठेके हासिल करने के लिए अनुकूल शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने का आरोप लगाया है। अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि यह बात अमेरिकी बैंकों और निवेशकों से छिपाई गई, जिनसे अदाणी समूह ने परियोजना के लिए अरबों डॉलर जुटाए थें। अमेरिकी कानून विदेशी भ्रष्टाचार के आरोपों पर कार्रवाई करने की अनुमति देता है, बशर्ते कि उनमें अमेरिकी निवेशकों या बाजारों से जुड़े कुछ संबंध शामिल हों। अदाणी समूह ने हालांकि इन आरोपों से इनकार किया है।

# भीड़ के कारण महाकुंभ जा रही ट्रेन में नहीं चढ़ सके यात्री, गुस्से में तोड़े स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के शीशे



महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की भीड़ के कारण बिहार के मधुबनी रेलवे स्टेशन पर कथित तौर पर ट्रेन में नहीं चढ़ पाने से आक्रोशित लोगों ने स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के वातानुकूलित (एसी) डिब्बे के शीशे तोड़ दिये। पुलिस ने यह जानकारी दी। बिहार पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, 10 फरवरी की शाम मधुबनी रेलवे स्टेशन पर कुछ यात्रियों द्वारा स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के एसी डिब्बे के शीशे तोड़े जाने की सूचना प्राप्त हुई। बयान में कहा गया कि सूचना प्राप्त होते ही पुलिस तत्काल रेलवे स्टेशन पर पहुंची जहां स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस जयनगर से प्रयागराज जाने के क्रम में मधुबनी रेलवे स्टेशन पर रुकी। इसमें कहा गया, ट्रेन में यात्रियों की भीड़ के कारण एक एसी डिब्बे में बैठे यात्री दरवाजा नहीं खोल रहे थे जबकि प्लेटफॉर्म पर मौजूद कुछ यात्रियों का उसी डिब्बे में आरक्षण था। धक्का-मुक्की एवं भाग-दौड़ के क्रम में कुछ डिब्बे के शीशे टूट गये। इस संदर्भ में रेल पुलिस कार्रवाई कर रही है। बयान के मुताबिक ट्रेन बाद में मधुबनी रेलवे स्टेशन से अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना हुई। इस घटना का एक वीडियो सार्वजनिक हुआ है जिसमें रिजर्वेशन होने के बावजूद मधुबनी रेलवे स्टेशन पर उक्त ट्रेन में सवार नहीं हो पाए राजनगर निवासी प्रीतम कुमार ने बताया, ''ट्रेन में जयनगर से ही यात्रियों की भारी भीड़ थी। इस रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर ट्रेन के सभी डिब्बे के दरवाजे अंदर से बंद थे। बोगी का गेट लगातार खटखटाने पर भी किसी ने गेट नहीं खोला। रेलवे स्टेशन पर कोई सुरक्षाकर्मी मौजूद नहीं था जो डिब्बों के बंद दरवाजे खुलवाते। ट्रेन का सिग्नल हो जाने पर लोग आक्रोशित हो गए और ट्रेन का शीशा तोड़ने लगे। एक अन्य यात्री ने कहा, ट्रेन के भीतर टीटीई और रेलवे सुरक्षा बल के कर्मी मौजूद थे लेकिन उन्होंने डिब्बे के गेट नहीं खोले।सार्वजनिक हुए वीडियो में एक अन्य यात्री ने कहा रिजर्वेशन होने के बावजूद मधुबनी रेलवे स्टेशन पर उक्त ट्रेन में सवार नहीं हो पाने के बाद जब हम लोग अपने पैसे वापस मांगने गए तो रेलवे पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें एक बच्चे का सिर फट गया।



# पंजाब के मुख्यमंत्री बनने का सपना देखने लगे हैं केजरीवाल, दिल्ली बैठक इसी के तहत-हरजीत सिंह गरेवाल

एस. के. सक्सैना



चंडीगढ़ 10 फरवरी–दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद अरविन्द केजरीवाल द्वारा पंजाब के विधायकों की दिल्ली में बुलाई गई बैठक पर मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व वरिष्ठ नेता हरजीत सिंह गरेवाल ने कहा कि केजरीवाल अब पंजाब का मुख्यमंत्री बनने का सपना देखने लगे हैं। दिल्ली में केजरीवाल द्वारा पंजाब के आप विधायकों की अकस्मात बुलाई गई बैठक इसी प्लानिंग के तहत बुलाई गई है।

हरजीत सिंह गरेवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता द्वारा अरविन्द केजरीवाल सहित आम आदमी पार्टी के सभी ब? चेहरों द्वारा किए गए भष्टाचार का मुँहतो? जवाब देते हुए सत्ता से उतार फैंका है। सत्ता हाथ से निकलने के बाद बुरी तरह बौखलाए हुए केजरीवाल ने अब पंजाब की सत्ता के सपने देखने शुरू कर दिए हैं। क्यूंकि केजरीवाल जानते हैं कि पंजाब में राज्यसभा चुनाव 2028 में होंगें और दिल्ली में 2030 में। गरेवाल ने दिल्ली बैठक पर अपना कयास लगते हुए कहा कि केजरीवाल पंजाब के विधायकों द्वारा भगवंत मान के विरुद्ध अविश्वासमत्त पारित करवा कर उन्हें मुख्यमंत्री के पद से हटाकर तथा पंजाब के 92 विधायकों में से किसी एक की बलि लेकर उससे त्यागपत्र ले सकते हैं। जिसके बाद उस विधानसभा सीट पर उप–चुनाव करवाकर वह पंजाब का मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। केजरीवाल अपने विधायकों से कहलवा रहे हैं कि केजरीवाल एक 'अच्छे आदमी' हैं और उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए!

गरेवाल ने कहा कि पंजाब की जनता समझदार है और अब दिल्ली का हाल देखने के बाद अब इन झूठ की बैसाखियों पर चल रहे आम्म आदमी पार्टी की सरकार को 2027 के चुनाव में सबक सिखाने के लिए तैयार है। पंजाब की जनता ने लोकसभा चुनाव और निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी को सच्चाई का आईना दिखा दिया है। क्यूंकि जनता जानती है कि आम आदमी पार्टी की भगवंत मान सरकार ने महिलाओं को 1000 रुपये देने का अपना वादा पूरा नहीं किया। नशाखोरी पर लगाम लगाने में असफल रही है। पंजाब की कानून–व्यवस्था की स्थिति को बदतर बना दिया है।

# पंजाब सरकार ने 15 वृद्ध आश्रमों के लिए 4.21 करोड़ रुपये की ग्रांट जारी की-डॉ. बलजीत कौर

## कहा, वृद्ध आश्रमों में बुजुर्गों के लिए अनुकूल माहौल बनाया जाएगा

एस. के. सक्सैना



चंडीगढ़, 9 फरवरी–पंजाब सरकार राज्य के बुजुर्गों की सेवा, देखभाल और सम्मान बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में, सरकार ने बेसहारा बुजुर्गों को सुरक्षित आश्रय देने के उद्देश्य से सभी जिलों में वृद्ध आश्रम स्थापित किए हैं। पंजाब सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए राज्य के 15 वृद्ध आश्रमों को 4.21 करोड़ रुपये की ग्रांट जारी की गई है। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि इन वृद्ध आश्रमों में कोई भी बुजुर्ग रह सकता है, जहां उन्हें निःशुल्क आवास, कपड़े, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इस उद्देश्य के लिए विभाग गैर–सरकारी संगठनों के सहयोग से इन वृद्ध आश्रमों का संचालन कर रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य के विभिन्न जिलों के वृद्ध आश्रमों को क्रमश अमृतसर को 37.68 लाख रुपये, बठिंडा को 28.54 लाख रुपये, फाजिल्का को 28.54 लाख रुपये, लुधियाना को 70.41 लाख रुपये, मालेरकोटला को 22.47 लाख रुपये, मोगा को 28.54 लाख रुपये, पठानकोट को 28.79 लाख रुपये, पटियाला को 17.77 लाख रुपये, रोपड़ को 30.80 लाख रुपये, संगरूर को 58.49 लाख रुपये, तरनतारन को 21.55 लाख रुपये, फरीदकोट को 22.02 लाख रुपये और फिरोजपुर को 26.37 लाख रुपये की ग्रांट जारी की गई है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इसके अतिरिक्त, विभाग द्वारा बरनाला और मानसा जिलों में 75 बुजुर्गों की क्षमता वाले वृद्ध आश्रमों का निर्माण किया जा रहा है।

# परीक्षा योद्धाओं की नई परिभाषा परीक्षा के युद्धक्षेत्र से परे-धर्मेंद्र प्रधान

एस. के. सक्सैना



प्रकृति ने अपनी असीम बुद्धि से प्रत्येक मनुष्य को एक अलग पहचान दी है – हमारी उंगलियों के निशान से लेकर आंखों की पुतलियों तक, हमारे अनुभव से लेकर विचारों तक, हमारी प्रतिभाओं से लेकर उपलब्धियों तक। मानवीय विशिष्टता के बारे में यह गहन सत्य हमारे समाज की विशेषता रही है और हमारी शिक्षा प्रणाली को इस विशेषता को प्रतिबिंबित करना चाहिए। प्रत्येक बच्चे में कुछ जन्मजात प्रतिभा होती है, कुछ शैक्षिक प्रतिभा से चमकते हैं, अन्य रचनात्मकता के लिए तत्पर होते हैं, कई अन्य एथलेटिक और पेशेवर कौशल से युक्त होते हैं। इस विशिष्टता को दर्शाते हुए, स्वामी विवेकानंद ने एक बार कहा था, ꖦशिक्षा मनुष्य में पहले से मौजूद पूर्णता की अभिव्यक्ति है।

# पंजाब सरकार के प्रयासों से रेशम उद्योग हो रहा है विकसित

## रेशम उत्पादन में वृद्धि, किसान आर्थिक रूप से हो रहे हैं सशक्त

एस. के. सक्सैना



चंडीगढ़, 9 फरवरी–मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार प्रदेश में रेशम की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए बागवानी मंत्री श्री मोहिंदर भगत के निर्देशों के तहत राज्य ने रेशम उत्पादन में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इस पहल का उद्देश्य किसानों का जीवन स्तर ऊंचा उठाना और राज्य की आर्थिक संरचना को और अधिक मजबूत करना है।

एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, किसान भवन, चंडीगढ़ में %सिल्क मार्क एक्सपो 2024% का आयोजन किया गया। मंत्री मोहिंदर भगत द्वारा उद्घाटन किए गए इस कार्यक्रम ने रेशम की खेती के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाया और देशभर के कारीगरों और व्यापारियों को एक मंच प्रदान किया। इस अवसर पर मंत्री ने ꖦपंजाब में रेशम की खेती की यात्राꖦ शीर्षक से एक ब्रोशर भी जारी किया, जिसमें इस क्षेत्र के विकास और उपलब्धियों को दर्शाया गया। मंत्री मोहिंदर भगत ने रेशम की खेती के माध्यम से ग्रामीण सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में बताते हुए कहा कि सरकारी प्रयासों से पंजाब में कोकून की कीमत 550 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 1,250 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, जिससे रेशम की खेती करने वाले किसानों, विशेष रूप से इस क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को उचित पारिश्रमिक सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोकून का वार्षिक उत्पादन 29,000 किलोग्राम तक पहुंच गया है। डलहौजी में रेशमकीट बीज उत्पादन केंद्र की पुनः सक्रियता का उद्देश्य किसानों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना और उन्हें कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाले रेशमकीट बीज उपलब्ध कराना है। उन्होंने उल्लेख किया कि राज्य को स्कॉच नेशनल अवार्ड 2024 में ꖦरेशम की खेती के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और सामाजिक–आर्थिक विकासꖦ परियोजना के लिए सिल्वर अवार्ड से सम्मानित किया गया है, जो महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक–आर्थिक विकास पर इसके सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। मंत्री मोहिंदर भगत ने आगे बताया कि पंजाब सरकार जल्द ही एक विशेष ꖦपंजाब सिल्कꖦ ब्रांड लॉन्च करेगी। रेशम रीलींग यूनिटों और कोकून भंडारण सुविधाओं की स्थापना की योजना भी बनाई जा रही है, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। राज्य सरकार की ये पहल रेशम की खेती को बढ़ावा देने, ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने और पंजाब में रेशम उत्पादन के क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।



# डा-रवजोत सिंह ने नगर निगमो के अधिकारियों को विकास कार्यों के लिए फंडों का तुरंत उपयोग करने के निर्देश दिए

## आवारा कुत्तों के काटने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रत्येक नगर निगम ए.बी.सी. कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू करे

एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़, 8 फरवरी–पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार शहरों के नागरिकों को स्वच्छ, बेहतर और आधुनिक सुविधाएं प्रदान कर ꖦरंगला पंजाब के सपने को साकार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



# पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति को ज़ी पंजाब हरियाणा हिमाचल के कार्यक्रम 'प्राइड ऑफ मालवा' में किया गया सम्मानित

## कुलपति प्रो. राघवेंद्र प्रसाद तिवारी को मालवा क्षेत्र में उच्च शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिला विशेष सम्मान

एस. के. सक्सैना

बठिंडा, 8 फरवरी–मालवा क्षेत्र में उच्च शैक्षणिक संस्थानों को कौशल विकास, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)–2020 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु इन संस्थानों को मार्गदर्शन प्रदान करने के विशिष्ट योगदान के लिए पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू पंजाब) के कुलपति एवं भारतीय उन्नत अध्ययन संस्थान, शिमला के निदेशक प्रो. राघवेंद्र प्रसाद तिवारी को ज़ी पंजाब हरियाणा हिमाचल (ज़ी पीएचएच) मीडिया समूह के कार्यक्रम 'प्राइड ऑफ मालवा' में सम्मानित किया गया।

# विधायक जिंपा ने वार्ड नंबर 48 के लाजवंती नगर में ट्यूबवेल के निर्माण कार्य की करवाई शुरूआत

## वार्ड नंबर 48 के साथ–साथ 49 व 50 के लोगों को भी मिलेगा लाभ

एस. के. सक्सैना



होशियारपुर, 8 फरवरी- विधायक ब्रोम शंकर जिंपा ने वार्ड नंबर 48 के लाजवंती नगर में ट्यूबवेल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई थी, जिसे दूर करने के लिए यह ट्यूबवेल स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह ट्यूबवेल 28 लाख रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है, जिससे न केवल वार्ड नंबर 48 के लोगों को बल्कि वार्ड नंबर 49 और 50 के निवासियों को भी लाभ मिलेगा। इस नई परियोजना से इलाके में पीने के पानी की किल्लत को काफी हद तक दूर किया जा सकेगा। विधायक ब्रम शंकर जिंपा ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का आभार व्यक्त किया और कहा कि सरकार जनता को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने जानकारी दी कि नगर निगम द्वारा अब तक 35 करोड़ रुपए के विकास कार्य पूरे किए जा चुके हैं। आने वाले समय में करोड़ों रुपए के और विकास कार्य भी करवाए जाएंगे, जिससे शहर की आधारभूत संरचना को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा। इस अवसर पर मेयर सुरिंदर कुमार, सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीण सैनी, डिप्टी मेयर रंजीत चौधरी, पार्षद नवाब हुसैन, पार्षद गुरमीत, पार्षद मुकेश कुमार मल्ल, सतपाल, तीर्थ राम और बलविंदर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# दिल्ली की जनता को हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद, अब पंजाब की बारी है-जीवन गुप्ता



चंडीगढ़ 8 फरवरी (कैप्टन सुभाष चंद्र) पंजाब भाजपा के वरिष्ठ नेता जीवन गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली में झूठ का अध्याय समाप्त हो गया है, इसके लिए दिल्ली की जनता को हार्दिक बधाई एवं बहुत–बहुत धन्यवाद। उन्होंने कहा कि अब पंजाब की बारी है, पंजाबी भी भाजपा को मौका देंगे। जीवन गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली के लोगों को स्वच्छ पानी और अन्य जरूरी सुविधाएं देने में विफल रही है, और केवल शराब को बढ़ावा देने में व्यस्त रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार दिल्ली के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगी और दिल्ली का विकास करेगी। जनता ने मोदी जी की ग्रान्टीयों तथा भाजपा की कथनी व करनी पर पूर्णतया- विश्वास जता कर दिल्ली में भी डबल इंजन की सरकार बना कर अपना तथा दिल्ली का भविष्य चुना है।

# दिल्ली की जनता ने आप को दिखाया बाहर का रास्ता- दुर्गेश शर्मा

एस. के. सक्सैना



फरीदकोट– दिल्ली वासियों को आपदा से अब राहत मिली है। अब वहां भाजपा की एक ऐसी सरकार गठित होगी, जो केन्द्र सरकार के साथ बेहतर तालमेल बनाकर दिल्ली वासियों की भलाई व विकास के लिए काम करेगी। यह बातें पंजाब भाजपा प्रदेश सचिव दुर्गेश शर्मा ने भाजपा को दिल्ली में मिली ब?ी जीत पर कहीं। उन्होंने कहाकि आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवासियों के साथ लगातार झूठ बोलने के साथ लोगों को धोखा दिया, केजरीवाल लोगों के बीच जो कहते थे, करते उसके ठीक उलट थे। केजरीवाल ने दिल्ली वासियों को ही नहीं जिस आंदोलन से निकले थे, उस आंदोलन के जनक रहे अन्ना हजारे को भी केजरीवाल ने धोखा दिया।



आज स.संतोख सिंह संधू जी को एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की तरफ से जिला डायरेक्ट जालंधर लगाया गया जिसको श्री सुशील कुमार रिंकू जी पूर्व एमपी पंजाब व नेशनल प्रेसिडेंट साइबर क्राईम सेल इंडिया के लकी संधू ने नियुक्ति पत्र दिया और समाज में करप्शन खत्म करने का संदेश दिया पूर्व एमपी सुशील कुमार रिंकू जी ने हरियाणा के नेशनल सुप्रीमो श्री नरेंद्र अरोड़ा जी का धन्यवाद किया इस मौके पर सोनिया स रणजीत सिंह बैंस धालीवाल साहब व प्रिंसिपल आदि मौजूद थे

# एचएमवी कॉलेजिएट स्कूल में गणित दिवस मनाया गया

एस. के. सक्सैना

जालंधर, एचएमवी कॉलेजिएट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्या प्रो. डॉ (श्रीमती) अजय सरीन के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पंजाब स्टेट कौंसिल फार साइंस एंड टैक्नालोजी (पीएससीएसटी), नेशनल कौंसिल फार साइंस एंड टैक्नालोजी कम्यूनिकेशन (एनसीएसटीसी) डिपार्टमेंट आफ साइंस एंड टैक्नालोजी (डीएसटी) भारत सरकार के साइंस एंड टैक्नालोजी विभाग के सौजन्य से राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि स्वरूप उपस्थित मुख्य वक्ता श्रीमती रूमानी आहूजा, गणित अध्यापिका, गर्वमेंट सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल, लुधियाना का स्वागत डॉ. सीमा मरवाहा, डीन अकादमिक एवं स्कूल को–कोआर्डिनेटर, डॉ. अंजना भाटिया, विभागाध्यक्षा बॉटनी विभाग एवं श्रीमती अरविंदर कौर बेरी, स्कूल



कोआर्डिनेटर द्वारा ग्रीन प्लांटर भेंट कर अभिनंदन किया गया। प्राचार्या डॉ. सरीन ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और राष्ट्रीय गणित दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि गणित संख्याओं, मात्राओं, परिमाणों, रूपों और उनके आपसी संबंधों का अध्ययन करने वाली विद्या है। उन्होंने छात्राओं से गणित के महान विद्वान श्रीनिवास रामानुजन के व्यक्तित्व के विषय पर विचार व्यक्त किए एवं छात्राओं को उनके जीवन के आदर्शों, मूल्यों, संस्कारों, एकनिष्ठ लगन एवं परिश्रम को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यातिथि श्रीमती रूमानी आहूजा ने छात्राओं को गणित क्या है एवं गणित के प्रति रूचि कैसे उत्पन्न होती है, उसके विषय में बात करते हुए कहा कि गणित सीखने से तर्क शक्ति, रचात्मकता, आलोचनात्मक सोच, समस्या सुलझाने की क्षमता में वृद्धि होती है। उन्होंने गणित की विभिन्न विशेषताओं को बहुत ही रोचक तरीके से समझाया। उन्होंने सरल तरीके से 3डी इमेज, रंगीन पेपर और तकनीक के प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया जिससे गणित को विद्यार्थियों के लिए सुलभ और मनोरंजक बनाया जा सकता है। प्रतियोगिताओं में जज की भूमिका सुश्री रूमानी आहूजा, डॉ. अंजना भाटिया, डॉ. गगनदीप, गणित विभागाध्यक्षा ने निभाई। मैथेमेटिकल आभूषण प्रतियोगिता में मुस्कान विर्क ने पहला एवं अशमीत कौर ने दूसरा स्थान हासिल किया। मैथेमेटिकल रंगोली प्रतियोगिता में रंचिता एवं नवरीती ने पहला, भावना, हर्षिता एवं ध्वनि ने सांझा रूप से दूसरा एवं समरीन एवं हर्षिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की सह–प्रभारी सुश्री वंदना सेठी और सुश्री चरणजीत कौर थीं। मंच का संचालन सुश्री सुकृति शर्मा ने किया। इस अवसर पर गणित के महान विद्वान श्रीनिवास रामानुजन के जीवन से परिचित करवाने हेतु छात्राओं को दस्तावेजी फिल्म भी दिखाई गई। इस कार्यक्रम के को–इंचार्ज सुश्री वंदना सेठी एवं सुश्री चरणजीत कौर रहे। मंच संचालन सुश्री सुकृति शर्मा ने किया।

# दिल्ली में सेवा, सुशासन व राष्ट्रवाद का कमल खिल गया-सुशील रिंकू

## दिल्ली से झूठ, फरेब व भ्रष्टाचार की आप–दा छट गई – सुशील रिंकू

मनदीप कौर



जालंधर, 08 फरवरी–पंजाब भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद सुशील रिंकू ने दिल्ली विधानसभा में पार्टी की प्रंचड जीत की खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने दिल्ली में ऐतिहासिक और प्रचंड जीत दर्ज कराई है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की ये जीत मोदी जी के सबका साथ, सबका विश्वास मंत्र का नतीजा है। सुशील रिंकू ने कहा कि दिल्ली में यह भाजपा की ऐतिहासिक जीत है। यह विजय भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का प्रमाण है। इस अपार जनसमर्थन के लिए दिल्ली की देवतुल्य जनता का उन्होंने हृदय से आभार व्यक्त किया।

## सुशील रिंकू ने भाजपा की प्रचंड जीत पर सभी को दी बधाई, भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों एवं पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व से दिल्ली में ऐतिहासिक जीत – रिंकू

# जालंधर देहाती पुलिस ने हाईप्रोफाइल चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

## गिरोह एन.आर.आई. की प्रॉपर्टी और खाली घरों को बना रहे थे निशाना

एस. के. सक्सैना

जालंधर, 9 फरवरी–संगठित अपराध के खिलाफ एक बड़ी सफलता में, जालंधर ग्रामीण पुलिस ने एक शातिर चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो विशेष तौर पर एन.आर.आई. की संपत्तियों और खाली घरों को निशाना बनाते थे। पुलिस ने इन अपराधों को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किए गए एक वाहन के साथ–साथ चोरी किया कीमती सामान भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान कुलदीप कुमार पुत्र जगत राम (निवासी महसी, बहराईच, यूपी और वर्तमान निवास निकट पीपीआर मॉल, जालंधर), सोनू कशप पुत्र मुले (निवासी रामघाट, जिला बहराईच, यूपी और वर्तमान




निवास निकट पीपीआर मॉल जालंधर) और परमीत सिंह पुत्र जसपाल सिंह (निवासी मकान नंबर 444/1, माता रानी चौक, मॉडल टाउन, जालंधर) के तौर पर हुई है। एसएसपी हरकमल प्रीत सिंह खख ने बताया कि ये गिरफ्तारियां एसपी इन्वेस्टिगेशन जसरूप कौर और डीएसपी इन्वेस्टिगेशन सरवनजीत सिंह की देखरेख में क्राइम ब्रांच द्वारा चलाए गए एक विशेष अभियान के दौरान की गई। सब–इंस्पेक्टर अमनदीप वर्मा के नेतृत्व में बिधिपुर इलाके में संदिग्ध गतिविधियों के बारे में मिली विश्वसनीय जानकारी के आधार पर ऑपरेशन चलाया गया। एसएसपी खख ने विस्तार से बताया कि गिरोह रात में बंद घरों में सेंध लगाने के लिए विशेष उपकरणों का उपयोग करके आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करता था। आरोपियों को पंजीकरण संख्या पीबी 01 ई 7724 वाली कार में यात्रा करते हुए पकड़ा गया, जिसे कार्रवाई के दौरान जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के पचास पीस नल और अन्य कीमती सामान बरामद किया। जालंधर ग्रामीण के पुलिस स्टेशन मकसूदां में धारा 331(04) और 305 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। एसएसपी खख ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरोह कई जिलों में सक्रिय है, खासकर एनआरआई की संपत्तियों और खाली घरों को निशाना बना रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस रिमांड से जांच टीम को उनकी अन्य आपराधिक गतिविधियों और संभावित सहयोगियों की पहचान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस टीमें चोरी की गई और संपत्ति बरामद करने और इस बड़े नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने के लिए गहन जांच कर रही है।






# दिल्ली फतेह पर जालंधर भाजपा ने पटाके फोड़ लड्डू बांट जश्न मनाया

## आप की झूठ की दुकान पर मोदी मॉडल के विकास और विश्वास की जीत–सुशील शर्मा

मनदीप कौर

जालंधर–दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा चुनाव में प्रचंड और ऐतिहासिक जीत होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील शर्मा की अध्यक्षता मे जिला भाजपा कार्यालय शीतला माता मंदिर में कार्यकर्ताओं ने खूब पटाके फोड़,लड्डू और मिठाई बांटकर जश्न मनाया। इस दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल धमाकों के साथ आतिशबाजी भी की ।इस कार्यक्रम मे विशेष रूप से राष्टीय कार्यकारिणी सदस्य मनोरंजन कालिया,प्रदेश महामंत्री राकेश राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष केडी भंडारी ,वरिष्ठ भाजपा नेत्री कर्मजीत कौर चौधरी, पूर्व विधायक शीतल अंगुराल ,सरबजीत सिंह मक्कड़,जिला महामंत्री अशोक सरीन हिक्की,अमरजीत सिंह गोल्डी,राजेश कपूर शामिल हुए ।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील शर्मा ने जिला पदाधिकारीयों और कार्यकताओं और भाजपा समर्थको के साथ भाजपा की जीत की खुशी मनाई

# दिल्ली की जीत पंजाब के भविष्य के लिए अच्छी–सन्नी शर्मा

एस. के. सक्सैना



जालंधर 8 फरवरी(एसके सक्सैना) भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा स्पोर्ट्स सेल के प्रदेश अध्यक्ष सन्नी शर्मा ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत ने यह साबित किया है कि मोदी जी के नेतृत्व में देश की जनता का विश्वास बढ़ता जा रहा है। यह जीत न केवल दिल्ली के भविष्य के लिए अच्छी है, बल्कि पंजाब के भविष्य के लिए भी बहुत अच्छी है। शर्मा ने आम आदमी पार्टी की सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि पंजाब में कानून–व्यवस्था की स्थिति खराब है, गुंडागर्दी बढ़ रही है, और युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की नाकामी के कारण पंजाब के युवाओं की मृत्यु हो रही है

# 27 साल बाद दिल्ली विजय की अब 2027 को पंजाब फतेह करेगी भाजपा-अशोक सरीन हिक्की

एस. के. सक्सैना



जालंधर 8 फरवरी दिल्ली मे भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा जालंधर शहरी के महामंत्री अशोक सरीन हिक्की (एडवोकेट) ने दिल्ली के सभी वोटरों का धन्यवाद कर बोला आम आदमी पार्टी केजरीवाल के झूठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के बूथ स्तर से लेकर राष्टीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा के विकास विशवास की जीत हुई है ।क्योंकि भाजपा कभी जनता से झूठ नही बोलती है ।सरीन ने कहा भाजपा कार्यकर्ता के निस्वार्थ सेवा समर्पण के चलते 27 साल बाद दिल्ली विजय की अब 2027 को पंजाब फतेह करेगी भाजपा। जिसके लिए पंजाब के सभी कार्यकर्ताओं को व्यापारी, नौजवान, किसान, दुकानदार, उद्योगपति, सरकारी कर्मचारी खुलकर समर्थन मे बोल रहे है कि पंजाब को नशा तस्करी, गुंडागर्दी, फिरौती और धक्केशाही से यू. पी की योगी सरकार की तरह साफ कर हरियाणा, गुजरात, गोवा, मध्य प्रदेश,राजस्थान, महाराष्ट एवं अन्य भाजपा शासित राज्यों की तरह अमन, शांति, तरक्की के रास्ते लेकर जायेगी

# पंजाब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बैंक सखियों और बैंक मैनेजरो को ट्रेनिंग दी गई

## स्वयं सहायता समूहों के बैंकों में खाते खुलवाने, सदस्यों का बीमा, नकद साख सीमा आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया

एस. के. सक्सैना

जालंधर, 8 फरवरी– जिले के 11 ब्लॉकों में गठित स्वयं सहायता समूहों में से चुनी गई 44 बैंक सखियों को पंजाब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण के अलावा बैंक प्रबंधकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। अतिरिक्त डिप्टीकमिश्नर (ग्रामीण विकास) बुद्धि राज सिंह के नेतृत्व में एन.आई.आर.डी. हैदराबाद द्वारा आयोजित प्रशिक्षण के दौरान बैंक सखियों को स्वयं सहायता समूहों के



बैंक खाते खोलने, सदस्यों के बीमा, नकद ऋण सीमा आदि के कार्यों के बारे में प्रशिक्षित किया गया ताकि स्वयं सहायता समूहों को बैंक खाते खोलने और ऋण प्राप्त करने में कोई समस्या न हो। प्रशिक्षण के बाद अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर द्वारा इन 44 बैंक सखियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। ये बैंक सखिया बैंक में बैठकर स्वयं सहायता समूहों के बैंक संबंधी कार्य करेंगे।

अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि जिले में वर्तमान में 2055 से अधिक स्वयं सहायता समूह कार्य कर रहे है। इन समूहों के माध्यम से जालंधर में 20,000 से अधिक महिलाएं आजीविका मिशन से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि इन महिलाओं के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए स्व–रोजगार संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किए जाते है और अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंकों द्वारा ऋण की सुविधा भी प्रदान की जाती है। बैंक मैनेजरो के प्रशिक्षण सत्र में एल.डी.एम. एम.एस. मोती, बैंकों के डीसीओ और लगभग 100 बैंक प्रबंधकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान बैंक प्रबंधकों को वित्तीय समावेशन के तहत विभिन्न विषयों की जानकारी दी गयी ।इस प्रशिक्षण के दौरान स्वयं सहायता समूहों के खाते खोलने, कैश क्रेडिट सीमा, मियादी ऋण, मुद्रा ऋण एवं सभी प्रकार के बीमा के संबंध में बैंकों से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने बैंक अधिकारियों से कहा कि वे स्वयं सहायता समूहों को बैंक खाते खोलने और ऋण लेने में सुविधा प्रदान करें ताकि स्वयं सहायता समूहों को मजबूत किया जा सके। इस अवसर पर नेशनल रिसोर्स पर्सन एम.पी. सिंह एवं ईश्वर सिंह एवं आजीविका मिशन स्टाफ डी.पी.एम. सुखवंत कौर, डी.एफ.एम. कोमल कश्यप, अकाउंटेंट विकास बख्शी आदि भी मौजूद रहे।

# पंजाब सरकार द्वारा शहीद सैनिकों के परिवारों की भलाई के लिए उठाया गया महत्वपूर्ण कदम

## राज्य में शहीदों के परिवारों के लिए एक्स–ग्रेसिया राशि 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये की गई

एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़, 8 फरवरी– मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार शहीदों के परिवारों की सहायता के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने शहीद सैनिकों के आश्रितों के लिए एक्स–ग्रेसिया राशि 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये कर दी है। रक्षा सेवाएं कल्याण मंत्री मोहितर भगत ने कहा कि पंजाब सरकार सैनिकों, शहीदों के परिवारों और पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। एक्स–ग्रेसिया राशि में 50 लाख रुपये से



1 करोड़ रुपये की वृद्धि उनकी कुर्बानियों के प्रति राज्य सरकार के सम्मान और आभार को दर्शाती है।



# बीजेपी पार्टी की सरकार बनने पर कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

मलोट (नरेंद्र वाधवा)–दिल्ली में पूर्ण बहुमत से सरकार बनने पर पंजाब भाजपा मंडल मलोट द्वारा जिलाध्यक्ष सतीश असीजा मंडल अध्यक्ष सुशील जलहोत्रा के नेतृत्व में पार्टी आफिस से लेकर विजयी मार्च जो विभिन्न बजारों से होता हुआ गांधी चौक तक विजयी नारो से पटाखे चलाकर गुलाल छिडक कर लड्डू बांटकर खुशी व्यक्त की गई जिलाध्यक्ष सतीश असीजा ने कहा कि डबल इंजन सरकार बनने पर दिल्ली का चहुमुखी विकास तेज रफतार से होगाके लोगो को समस्याओं सें निजात मिलेगी व दिल्ली का विकास तेजी से होगा भाजपा नेता ने खुशी मनाई

# विधायक जिंपा ने गुरुद्वारा जाहरा जहूर साहिब को जाने वाली रोड पर स्ट्रीट लाइटों का किया उद्घाटन

## गुरुद्वारा साहिब व जालंधर रोड को जाने वाले लोगों को मिली बड़ी सुविधा

एस. के. सक्सैना

होशियारपुर, 7 फरवरी- विधायक ब्रम शंकर जिंपा ने आज पुरहीरां में स्थित छठी पातशाही श्री गुरु हरगोबिंद सिंह जी की चरणछोह प्राप्त गुरुद्वारा जाहरा जहूर साहिब को जाने वाली सड़क पर स्थापित की गई 79 अत्याधुनिक स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन किया। यह स्ट्रीट लाइटें लगभग 35 लाख रुपये की लागत से लगाई गई हैं और इन्हें इलाके के निवासियों को समर्पित किया गया है। इस अवसर पर विधायक जिंपा ने कहा कि पुरहीरां पुलिस



चौकी के सामने से गुजरने वाली इस सड़क का उपयोग न केवल गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धालुओं के आने–जाने के लिए किया जाता है, बल्कि जालंधर रोड की ओर जाने के लिए भी लोग इस सड़क को शॉर्टकट के रूप में चुनते हैं। उन्होंने बताया कि स्ट्रीट लाइटों की स्थापना से इस सड़क पर रात के समय सुरक्षा में काफी सुधार हुआ है। पहले इस क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी न होने के कारण लूटपाट और अन्य आपराधिक घटनाएं होती थीं, लेकिन अब लोग खुद को अधिक सुरक्षित और आश्वस्त महसूस कर रहे हैं।

# जालंधर देहाती पुलिस ने हेरोइन सहित नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

एस. के. सक्सैना

जालंधर, 8 फरवरी– नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता में, जालंधर ग्रामीण पुलिस ने करतारपुर इलाके में एक विशेष अभियान के दौरान एक कुख्यात नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है और 50 ग्राम हेरोइन जब्त की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान बलदेव सिंह उर्फ बल्लो पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी गांव जगतपुरा, थाना झबाल, जिला तरनतारन के तौर पर हुई है



# विजिलेंस ब्यूरो ने पीएसपीसीएल के कर्मचारी को 2000 रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा

## मीटर लगाने के लिए आरोपी ने पहले ही 3500 रुपये ले लिए थे



एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़, 7 फरवरी, 2025 ङ्क पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के कार्यालय, ग्राम बढ़ंगि, जालंधर छावनी में तैनात शिकायत निवारण शाखा (सीएचबी) के सहायक चरनजीत सिंह को 2000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। आज यहां यह जानकारी देते हुए राज्य विजीलेंस ब्यूरो के एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को राकेश कुमार, निवासी सैनिक विहार, ग्राम ढिल्लवां, जिला जालंधर द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलेंस ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया कि उक्त आरोपी ने जालंधर की रोज़ कॉलोनी, ग्राम बढ़ंगि स्थित उसके रिश्तेदार के घर की घरेलू बिजली आपूर्ति के लिए नया मीटर लगाने के बदले संबंधित जूनियर इंजीनियर (जेई) सुरजीत सिंह के लिए 5000 रुपये और अपने लिए 500 रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि आरोपी सीएचबी ने 31–01–2025 को घर में बिजली मीटर लगाने के दौरान पहले ही 3500 रुपये ले लिए और बाकी राशि बाद में देने के लिए कहा। अब उक्त आरोपी शिकायतकर्ता और उपभोक्ता से शेष 2000 रुपये की मांग कर रहा था और धमकी दे रहा था कि यदि राशि नहीं दी गई तो मीटर हटा दिया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद विजीलेंस ब्यूरो जालंधर रेंज की टीम ने जाल बिछाया, जिसके तहत आरोपी सीएचबी सहायक को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 2000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में विजीलेंस ब्यूरो के जालंधर रेंज थाने में आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की आगे जांच के दौरान संबंधित जेई की भूमिका की भी जांच की जाएगी।

# हवा प्रदूषण को कम करने के लिए राज्य सरकार की अनूठी पहल; 1200 पुराने डीजल ऑटो को इलेक्ट्रिक ऑटो में बदला गया-डॉ. रवजोत सिंह

## राज्य की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 90प्रतिशत सब्सिडी पर 200 पिंक ई–ऑटो उपलब्ध कराए जा रहे मुहैया

एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़, 7 फरवरी–मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार अपने नागरिकों को प्रदूषण मुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी दिशा में कार्य करते हुए, सरकार ने हवा प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से 1200 पुराने डीजल ऑटो को इलेक्ट्रिक ऑटो में बदला है। यह जानकारी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने दी



## मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के नागरिकों को प्रदूषण मुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध

# 10,000 रुपये रिश्वत लेते पटवारी विजिलेंस ब्यूरो द्वारा गिरफ्तार

एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़, 7 फरवरी–पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम के तहत शुक्रवार को अमृतसर शहर के माल हल्का कोट खालसा में तैनात पटवारी रवि प्रकाश को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आज यहां यह खुलासा करते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को अमृतसर शहर के न्यू मोहनी पार्क निवासी परमजीत सिंह द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो में पहुंचकर अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उक्त पटवारी ने उसके कर्ज की राशि को दुरुस्त करने के बदले 20,000 रुपये रिश्वत की मांग की थी, क्योंकि माल रिकॉर्ड में असली कर्ज 9 लाख रुपये के बजाय गलती से 90 लाख रुपये दर्ज कर दिया गया था। प्रवक्ता ने आगे बताया कि इस शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद अमृतसर रेंज की विजिलेंस ब्यूरो टीम ने एक जाल बिछाया, जिसके दौरान उक्त आरोपी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया गया।






# डॉ. ओबराय ने सरबत का भला ट्रस्ट के माध्यम से शुरू की नयीं सेवा

एस. के. सक्सैना

अमृतसर, 7 जनवरी–अपने मिसाली सेवा कार्य के कारण पूरी दुनिया में जाने जाते दुबई के प्रसिद्ध कारोबारी और सरबत का भला चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रमुख डॉक्टर एस.पी सिंह ओबरॉय ने एक बार फिर निवेकली पहल करते हुए श्री गुरु रामदास अंतरराष्टीय हवाई अड्डा अमृतसर में किसी भी देश से पहुंचने वाले मृतक शवों और बीमार व्यक्तियों को उनके घर तक पहुंचाने के लिए एंबुलेंस सेवा की शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत आज डॉक्टर ओबेरॉय की तरफ से मुफ्त एंबुलेंस को ट्रस्ट की अमृतसर इकाई को सौंपा गया है।

# दिल्ली भारत का दिल है, जनता ने कट्टर इमानदारों बेनकाब कर सत्ता से किया बाहर-हरजीत सिंह गरेवाल


एस. के. सक्सैना


चंडीगढ़, 8 फरवरी–भाजपा के राष्टीय कार्यकरिणी सदस्य व वरिष्ठ नेता हरजीत सिंह गरेवाल ने दिल्ली की जनता द्वारा बीजेपी को दिए गए पूर्ण बहुमत के साथ दिल्ली चुनाव में विजय प्राप्ति पर दिल्ली वासियों का आभार जताते हुए सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने कट्टर इमानदारों को नकार कर उन्हें सबक सिखाया है। जनता ने मोदी जी की ग्रान्टीयों तथा भाजपा की कथनी व करनी पर पूर्णतया- विश्वास जता कर दिल्ली में भी डबल इंजन की सरकार बना कर अपना तथा दिल्ली का भविष्य चुना है। दिल्ली की जनता ने केजरीवाल को नकार कर यह साबित कर दिया है कि उन्हें मुफ्त का माल नहीं चाहिए,



बल्कि व्यापार, रोजगार और दिल्ली की प्रगति चाहिए, जो कि सिर्फ और सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ही दे सकती है। भाजपा जो कहती है, वही करती है, इसका विश्वास दिल्ली की जनता को हो चुका है।

गरेवाल ने कहा कि दिल्ली पंजाब का दिल है और दिल्ली की जनता ने अपना सही फैसला सुना दिया है। अब पंजाब में भी 2027 में पंजाबी बीजेपी को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाकर अपना तथा पंजाब का स्वर्णिम भविष्य सुनिश्चित करेगी। चुनावी नतीजों से पहले 15 करो? में विधायक खरीदने के आरोप के पूछे गए सवाल पर जवाब देते हुए गरेवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता हमेश से झूठ बोलते आये हैं और अब फिर झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप नेता खुद ही बिकाऊ हैं और अपना मोल खुद ही बता रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि चुनावी हार–जीत से पहले कौन किसे खरीदता है? उन्होंने कहा कि जनता बहुत समझदार है और उन्होंने अपनी समझदारी से दिल्ली का व अपना भविष्य सुनिश्चित किया है और अब भाजपा दिल्ली का चौतरफा विकास करेगी।







## सतगुरू रविदास जी के 648वें पवित्र प्रकाश उत्सव की देशवासियों कों

# बहुत-बहुत बधाई

